This question paper contains 4 printed pages] 5|12|18 (E)

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **7342**

Unique Paper Code : **62057502** **IC**

Name of the Paper : **DS Elective Hindi Bhasha ka Vyavharik Vyakaran**

(हिंदी भाषा का व्यावहारिक व्याकरण)

Name of the Course : **C.B.C.S. B.A. (Programme) Hindi CBCS-DSE-II**

Semester : **V**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. भाषा की परिभाषा पर विचार करते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

व्याकरण का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए भाषा और व्याकरण के अंत:संबंध पर प्रकाश डालिए। 12

2. स्रोत के आधार पर शब्द के विविध प्रकारों का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

शब्द की व्याकरणिक कोटि के रूप में क्रिया के विविध भेद लिखिए। 12

P.T.O.

munotes.in

3. वाक्य की परिभाषा देते हुए रचना की दृष्टि से इसके प्रकारों का परिचय दीजिए।

अथवा

विराम चिह्न से आप क्या समझते हैं ? हिंदी भाषा के संदर्भ में इनके महत्व पर प्रकाश डालिए। 12

4. अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारत की समृद्धि के कारण विदेशी इसे सोने की चिड़िया कहते थे। यहाँ के इत्र, आभूषण, वस्त्र और मसालों की यूरोप में बड़ी माँग थी। प्राचीन समय में यूरोप में बनने वाले कपड़े के मुकाबले भारतीय कपड़े उम्दा होते थे। मसाले तो वहाँ उगते ही नहीं थे, लेकिन वहाँ के उच्च-वर्ग के लोगों को भारतीय मसालों, विशेषकर कालीमिर्च का स्वाद बहुत पसंद था। सदियों से भारत की कालीमिर्च और अन्य वस्तुएँ तुर्की के माध्यम से यूरोप पहुँच रही थीं। अचानक तुर्की और यूरोप में युद्ध छिड़ जाने के कारण यह मार्ग व्यापार के लिए बंद हो गया। यूरोप के लोगों को कालीमिर्च मिलना कठिन हो गया। विवश होकर उन्होंने कालीमिर्च के देश भारत तक पहुँचने के लिए समुद्री मार्ग की तलाश आरंभ की। इसमें अंततः पुर्तगाल के निवासी वास्को-द-गामा को सफलता हाथ लगी।



(क) गद्यांश में से **तीन** तत्सम शब्द छाँटकर लिखिए। 3

(ख) किन्हीं **तीन** शब्दों के अर्थ लिखिए : 3

आभूषण, उम्दा, मार्ग, अचानक, आरंभ

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 2

(घ) प्रस्तुत गद्यांश का सारांश लिखिए। 4

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **तीन** शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए :

अधर्म, प्रतिकूल, अपव्यय, गैरहाज़िर, सुकर्म। 3

(ख) निम्नलिखित समस्तपदों में से किन्हीं **तीन** का विग्रह कर भेद लिखिए : 3

यथाशक्ति, नवग्रह, नीलकमल, लंबोदर, दानवीर।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **तीन** शब्दों के शुद्ध-रूप लिखिए : 3

आर्शीवाद, वेदिक, कृप्या, बीमारीयाँ, अनुकुल

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

(*i*) एक दिन चार लड़का मेरे घर आये।

(*ii*) मेरे को भूख लगी है।

(*iii*) महोदया, आप बैठो।

(*iv*) एक पीतल का बर्तन भी खरीद लाते।

(*v*) गाय काली चर रही है।

(ङ) निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **तीन** के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए : 3

(*i*) श्री गणेश करना

(*ii*) नमक मिर्च लगाना

(*iii*) पैरों में सनीचर होना

(*iv*) आम के आम गुठलियों के दाम

(*v*) नया नौ दिन पुराना सौ दिन

6. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी कीजिए : 6,6

(क) हिंदी की ध्वनियाँ

(ख) शब्द और पद में अंतर

(ग) प्रत्यय

(घ) स्वर संधि।



munotes.in